Need to set up a Cnetral Monitoring System to monitor the Jal Jeevan Mission project in States and Districts

डॉ. राजेश मिश्रा (सीधी) : सभापति महोदया, आपने मुझे अति महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।

महोदया, मै आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने लोकसभा क्षेत्र के अति महत्वपूर्ण विषय की ओर ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं । महोदय ?जल जीवन मिशन? माननीय प्रधान मंत्री जी की अति महत्वपूर्ण योजना ?हर घर नल से जल? है । हमारे मध्य प्रदेश में कार्य प्रगति पर है, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद, किन्तु हमारे लोकसभा क्षेत्र के सीधी जिले में इस योजना का निर्माण कार्य दो कंपनी, एल.सी.सी और के. पी. टी. एल. कर रही हैं । ये दोनों कंपनियां आम जन को पानी देने की योजना पर पानी फेर रही हैं । एनएच रोड को बिना परमशिन के खोद कर क्षतिग्रस्त किया जा रहा है, जिसे कार्य पूर्ण होने के बाद ठीक भी नहीं किया जा रहा है । वहां कई ऐक्सिडेंट्स हुए हैं एवं जीवन की क्षति भी हो चुकी है । टंकियों का निर्माण किया गया है जो क्रैक हो गई हैं और पानी लीकेज होने लगा है । पाइप की गुणवत्ता बहुत खराब है । वे कई जगहों से टूट चुकी हैं । महोदया, मै आपके माध्यम से यह आग्रह करता हूं कि ?जल जीवन मिशन? माननीय प्रधान मंत्री जी की अति महत्वकांक्षी योजना है, उसके गुणवत्ता पूर्ण निर्माण हेतु सेंट्रल मॉनिटरिंग सिस्टम बनाया जाए, जिसमे सिविल सोसाइटी के लोगों को भी रखा जाये, जो राज्यों व जिलो में जाकर इसकी जांच कर सकें । इसके साथ ही निर्माण का समय निर्धारण भी किया जाए । जो कंपनी खराब कार्य कर रही हैं उन्हें ब्लैक लिस्टेड किया जाए । साथ ही, सिंगरौली जिले में रिहंद डेम से व सोन नदी से पानी लिफ्ट करके नगरीय क्षेत्र में सप्लाई किया जाए ।